जरूरत | व्यवस्थाएं हो रहीं प्रभावित

अवार्ड पा चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोंसरा को नियमित डॉक्टरों की

नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड और राज्य स्तर पर कायाकल्प अवार्ड हासिल कर चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोंसरा राजमार्ग को इस समय स्टाफ की कमी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग एक दशक पहले वर्ष 2014-15 में शुरू हुए इस अस्पताल की साख और दायरा भी लगातार बढ़ी है।

वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 और 44 के लिए यह केंद्र बरदान भी साबित हुआ है। लेकिन स्वीकृत पदों के मुकाबले डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती न होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। निर्धारित मापदंडों के चलते अस्पताल में कागजी दस्तावेजीकरण और प्रबंधन का काम पहले से काफी बढ़ गया है।

लेकिन इसके अनुपात में मानव संसाधन की कमी महसूस की जा रही है। वर्तमान में यहाँ एकमात्र नियमित मेडिकल ऑफिसर के रुप में एक ही डाक्टर तैनात हैं। जिन पर इस वर्ष फरवरी से ओपीडी इमरजेंसी और चौबीसों घंटे अस्पताल की जिम्मेदारी का अत्यधिक भार बना हुआ है। दुर्घटना ग्रस्त और जनरल मरीजों की संख्या में हो रही बढ़ोत्तरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोंसरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यहाँ लगातार सड़क हादसों के आकस्मिक मरीज आते रहते हैं। इसके साथ ही सुआतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गंभीर मेडिको-लीगल केस एमएलसी की जांच और रिपोर्ट तैयार करने का दायित्व भी इसी केंद्र पर है। स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त यहां पर सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि यह बनीं हुई है कि क्षेत्र की प्रसूताओं और ग्रामीण महिलाओं को स्टाफ नर्सों के अनुभवों के भरोसे रहना पड़ता है।

सिविल अस्पताल जितना बड़ा है कार्यक्षेत्र

महिलाओं को होने वाली बीमारियों को विशेषज्ञ अनुभव शील महिला की डाक्टर की ही जरूरत हुआ करती है लेकिन यहां पर महिला डाक्टर ना होने के कारण महिलाओं को अपने इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों में जाना पड़ता है। भौगोलिक दृष्टि से इस केंद्र पर चारों दिशाओं के बड़े क्षेत्र की निर्भरता है। इसके दायरे में जबलपुर मार्ग पर मुर्गाखेड़ा सागर मार्ग पर महाराजपुर के आगे तक का क्षेत्र भोपाल मार्ग पर बिलगुवां और नरसिंहपुर मार्ग पर बीतली गांव तक की सीमाएं शामिल हैं। आसपास कोई अन्य स्वास्थ्य केंद्र सक्रिय केंद्र न होने से यहाँ मरीजों का दबाव बना रहता है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि सुआतला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनकर तैयार है। यदि प्रशासन द्वारा वहां डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की पदस्थापना कर उसे पूरी तरह सक्रिय कर दिया जाए तो राजमार्ग मुख्य केंद्र का वर्कलोड काफी कम हो जाएगा और मरीजों को स्थानीय स्तर पर भी बड़ी सुविधायें मिलने लगेंगी। मेडिकल ऑफिसर रेगुलर स्वीकृत 3 तैनात 1 मेडिकल ऑफिसर (बॉन्ड) स्वीकृत 04 तैनात एक भी नहीं ।

बैकअप का भी अभाव

स्त्री रोग विशेषज्ञ स्वीकृत 01 तैनात नहीं स्टाफ नर्स स्वीकृत 8 तैनात मात्र 4 फार्मासिस्ट स्वीकृत 2 तैनात 1 एएनएम स्वीकृत 08 तैनात 3 वार्ड बॉय स्वीपर स्वीकृत 10 तैनात 5 ड्रेसर चपरासी ड्राइवर स्वीकृत 05 तैनात एक भी नहीं। आसपास के पेराफेरी स्वास्थ्य केंद्रों में भी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स और डॉक्टरों की सीमित संख्या के कारण इस केंद्र को कोई स्थानीय बैकअप नहीं मिल पा रहा है। इस केंद्र को नया डॉक्टर नहीं मिल सका। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि अस्पताल की पुरानी साख और जनहित को देखते हुए यहाँ रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र की जाए।

नाकेदार पर गुंडागर्दी और प्रताड़ना का आरोप

नवभारत,गोटेगांव। तहसील के ग्राम पंचायत चदलौन छीताढाना में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के किसानों को कृषि कार्य से बेदखल करने और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में जन एकता गोसेवा समिति ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय और वन विभाग पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि बगासपुर के गरीब और असहाय किसान पिछले 30-35 वर्षों से इस भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के एक नाकेदार द्वारा बिना किसी न्यायालयीन या प्रशासनिक आदेश के मनमाने ढंग से गुंडागर्दी की जा रही है और उन्हें नियमों के विरुद्ध जाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। किसानों ने नाकेदार पर खेतों में बनी टपरिया में आग लगाने, गाली-गलौज करने और मारपीट कर भगाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। समिति के सदस्यों ने मांग की है कि उक्त नाकेदार के विरुद्ध जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उसका तत्काल स्थानांतरण किया जाए।

46 लाख के विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

नवभारत,करेली। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा महादेव वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें 33 लाख रुपये की लागत से ढकी हुई नाली निर्माण एवं कच्ची सड़क के सीमेंटीकरण का कार्य शामिल है, वहीं 13 लाख रुपये की लागत से छह गलियों में पेवर ब्लॉक, नाली मरम्मत एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। वार्ड में लंबे समय से जर्जर एवं टूटी-फूटी नालियों के कारण जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा 310 मीटर लंबी ढकी हुई नाली का

निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही 240 मीटर लंबी कच्ची सड़क का सीमेंटीकरण भी किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को जलभराव और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। नगर पालिका के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान सड़क की निर्धारित चौड़ाई भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे भविष्य में यातायात संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। वहीं कच्ची सड़क के सीमेंटीकरण से नागरिकों को वर्षों बाद पक्की सड़क की सुविधा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त वार्ड की छह गलियों में 13 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने, नाली मरम्मत एवं कवर्ड नाली निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इन कार्यों के पूर्ण होने से गलियों का स्वरूप बदलेगा और स्थानीय नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार ने कहा कि परिषद का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना है।

इमामबाड़ा बना सांप्रदायिक सद्भावना की मिसाल

नवभारत,गाडरवारा। मोहर्रम के पवित्र माह में चावड़ी वार्ड स्थित बड़ेवली इमामबाड़ा आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शहीदाने कर्बला की याद में यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर हाजिरी दे रहे हैं। दादापीर के ताजिए की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और मोहर्रम की 9वीं एवं 10वीं तारीख को विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। मोहर्रम की पहली तारीख से ही इमामबाड़े में जायरीन का लगातार आगमन जारी है। श्रद्धालु दरबार में इत्र और खुशबू पेश कर तबर्रुक प्राप्त कर रहे हैं। फातिहा-ख्वानी का सिलसिला सुबह से देर रात तक चलता है। बड़ेवली इमामबाड़ा वर्षों से सांप्रदायिक सद्भावना और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बना हुआ है, जहां सभी धर्मों और वर्गों के लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी दादापीर का ताजिया तैयार किया जा रहा है। कारीगर दिन-रात मेहनत कर बांस, कागज, पन्नी और रंग-बिरंगी झालरों से ताजिए को आकर्षक स्वरूप दे रहे हैं। मोहर्रम के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में हुसैनी लंगर और शरबत वितरण का आयोजन भी किया जा रहा है। मोहर्रम की 10वीं तारीख को संजय मार्केट के सामने नगर के सभी ताजियों का एकत्रीकरण होगा। समाज के पदाधिकारियों ने प्रशासन से सुरक्षा, यातायात और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। बड़ेवली इमामबाड़ा आज भी गाडरवारा की गंगा-जमुनी संस्कृति, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक बना हुआ है।

नवनिर्मित विद्यालय भवन में आईं दरारें, गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवभारत,गोटेगांव। शासन द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित किए जा रहे शासकीय संदीपनी विद्यालय भवन में निर्माण पूर्ण होने से पहले ही दीवारों और बीम में लंबी दरारें उभर आई हैं। कई कमरों की दीवारों में एक छोर से दूसरे छोर तक फैली दरारें और उखड़ा हुआ प्लास्टर पहली नजर में ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है।

भवन अभी पूरी तरह उपयोग में भी नहीं आया है, इसके बावजूद इस प्रकार की स्थिति सामने आने से स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों में सुरक्षा को लेकर चिंता है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में

तकनीकी मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी की गई है, जिससे करोड़ों रुपये की लागत से बन रही इमारत समय से पहले क्षतिग्रस्त होने लगी है। विद्यालय परिसर में मौजूद लोगों के अनुसार, ये दरारें धीरे-धीरे बढ़ती जा रही हैं और दीवारों से होते हुए बीम तक पहुंच गई हैं, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि भवन में दिखाई दे रही दरारों की जानकारी संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी को दे दी गई है। उन्होंने ठेकेदार को पत्र लिखकर प्रभावित हिस्से को तोड़कर पुन: निर्माण कराने की मांग की है। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने शासन से इस मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने और घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की पुष्टि होने पर जिम्मेदार ठेकेदार तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

एक नजर में

युवक ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

नवभारत,गोटेगांव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बायपास सड़क मार्ग पर बुधवार को एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। उपचार के लिए शासकीय अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दीपेश पटेल (29 वर्ष), पिता हेमराज पटेल, निवासी बीजा हिनौता, थाना पनागर, जिला जबलपुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से युवक को तत्काल गोटेगांव के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जांच की जा रही है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

महिला की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत,गोटेगांव। मुंगवानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरहटा निवासी एक महिला की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान कलावती (55 वर्ष), पति काशीराम कहार, निवासी ग्राम बरहटा के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिवस अचानक कलावती की तबीयत बिगड़ गई। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल नरसिंहपुर ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मुंगवानी पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

बगलई गांव में मारपीट, दो आरोपियों पर मामला दर्ज

नवभारत,गोटेगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम बगलई में एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बगलई निवासी परसराम कुशवाहा के साथ गांव के ही नरेन्द्र कुशवाहा और प्रमोद कुशवाहा ने गाली-गलौज कर मारपीट की। हमले में परसराम को चोटें आई हैं। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित परसराम कुशवाहा ने गोटेगांव थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए आरोपी नरेन्द्र कुशवाहा और प्रमोद कुशवाहा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बारातियों से भरा पिकअप पलटा

जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत कैमोरी गांव के पास बुधवार को बारातियों से खचाखच भरी एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में वाहन में सवार कई बाराती घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को एक पिकअप वाहन में बड़ी संख्या में बाराती सवार होकर जा रहे थे। वाहन की रफ्तार तेज थी। जैसे ही गाड़ी कैमोरी गांव के नजदीक पहुंची, चालक अचानक स्टीयरिंग पर से अपना संतुलन खो बैठा। पलक झपकते ही पिकअप लहराते हुए सड़क किनारे पलट गई। घटना के वक्त गाड़ी में बैठे लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसा होते ही आस-पास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी के नीचे दबे और फंसे हुए घायलों को बाहर निकाला।

देवी प्रसाद कहार बने मध्य प्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष

नवभारत,नरसिंहपुर। मध्य प्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए नरसिंहपुर जिले की कमान सौंपी गई है। समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार रायकवार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नरसिंहपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार देवी प्रसाद (बबलू कहार) को आगामी 2 वर्ष की अवधि के लिए मध्य प्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति का नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त

किया गया है।?यह नियुक्ति पत्रकार गौरव रायकवार की अनुशंसा पर, प्रांतीय समन्वयक चंद्रशेखर रायकवार एवं प्रांतीय संयोजक टीकाराम रायकवार के अनुमोदन के पश्चात 25 जून 2026 को की गई है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए तन, मन, धन से कार्य करेंगे।

ट्रैक्टर व कृषि उपकरण हड़पने और धमकी देने का आरोप

नवभारत,गोटेगांव। समीप झोतेश्वर चौकी के ग्राम निनाई निवासी एक आदिवासी युवक ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी और प्रताड़ना के मामले में जिला प्रशासन व पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपा है। पीड़ित सोमनाथ गौंड (27 वर्ष) ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्राम कटकुही निवासी अब्बास खान पर उसके दो ट्रैक्टर, कृषि उपकरण और लाखों रुपये का किराया हड़पने का आरोप लगाया है। साथ ही बकाया राशि मांगने पर जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने की बात कही है। पीड़ित

के अनुसार, उसने फरवरी 2022 में अब्बास खान को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दो ट्रैक्टर और 90 हजार रुपये प्रति वर्ष की दर से कल्टीवेटर, रोटावेटर, थ्रेसर व ट्राली जैसे कृषि उपकरण किराये पर दिए थे। चार वर्षों का कुल किराया 18 लाख रुपये बना, जिसमें से केवल 6 लाख 75 हजार रुपये ही प्राप्त हुए। अब्बास के पास अब भी 11 लाख 25 हजार रुपये किराया और पूरा सामान बकाया है। इसके अलावा पीड़ित ने अपनी 5 एकड़ जमीन भी सिकमी पर दी थी। शिकायत के अनुसार, जब पीड़ित अपना बकाया मांगने गया तो अनावेदक ने उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए लाठी लेकर मारने का प्रयास किया। पीड़ित युवक ने आवेदन देकर अपना सामान व बकाया राशि वापस दिलाने तथा आरोपी पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

पांचवी-आठवीं पुन: परीक्षा का मूल्यांकन कार्य संपन्न

नवभारत,गाडरवारा। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुन: (द्वितीय) परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मूल्यांकन कार्य के लिए विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर को मूल्यांकन केंद्र प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार एवं बुलंद कुशवाहा को सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया था।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 3 जुलाई को

नवभारत,नरसिंहपुर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी 3 जुलाई को प्रात- 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर रजनी सिंह ने बताया कि उक्त बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन, जिले में संचालित केन्द्र प्रयोजित योजनाओं की प्रगति, शिक्षा एवं मानव विकास, कृषि, ग्रामीण एवं सहकारिता विकास, जल, सिंचाई एवं संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा एवं अधोसंरचना, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा, उद्योग, कौशल एवं रोजगार, खनिज, पर्यावरण एवं भूमि प्रबंधन और डिजिटल, प्रशासनिक एवं आपूर्ति तंत्र से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पखवाड़े के तहत पार्क में किया श्रमदान

नवभारत,करेली। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पखवाड़ा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महेंद्र वार्ड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पार्क परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के तहत पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की गई तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, महेंद्र वार्ड पार्षद संगीता शर्मा, सुभाष वार्ड पार्षद ज्योति जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप सिंह ममार, आनंद सोनी, कालूराम सोनी, सुनील सोनी, सतीश शुक्ला सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, मॉडरेट एनीमिया, गर्भवती महिलाओं की जांच, आरबीएसके, क्षय कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्र, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के. चौधरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर रजनी सिंह ने गर्भवती

महिलाओं के पंजीयन एवं मॉडरेट एनीमिया की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जहां पंजीयन कम है, वहां आशा एवं एएनएम के माध्यम से सर्वे कराकर शतप्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले से दो बाल चिकित्सक निर्धारित किए जाएं, जो प्रत्येक माह सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों की जांच करेंगे। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर एवं विकासखंड चांवरपाठा में गर्भवती महिलाओं की जांच कम पाए जाने पर इसे शतप्रतिशत करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सड़क पर ट्रक से अनलोडिंग, लगा भीषण जाम, स्कूली बच्चे, राहगीर परेशान

नवभारत,गोटेगांव। नगर की मुख्य सड़क पर गुरुवार सुबह यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिखीं। एक जागरूक नागरिक द्वारा भेजे गए वीडियो में दिख रहा है कि व्यस्ततम मार्ग पर दिनदहाड़े बीच सड़क ट्रक खड़ा कर बोरियां उतारी जा रही हैं, जिससे मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

स्कूल टाइम में लगे इस जाम से छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ों राहगीर घंटों परेशान होते रहे। एक जागरुक व्यक्ति ने ट्रैफिक जाम से परेशान होकर किया वीडियो वायरल, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दिनांक 25 6.2026 दिन गुरुवार सुबह करीब 9-15 बजे एक मालवाहक ट्रक मुख्य सड़क के बीचों-बीच खड़ा कर दिया गया। ट्रक से बोरियां उतारने का काम शुरू होते ही सड़क का आधा

हिस्सा पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर दोपहिया, चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वीडियो में सफेद रंग के ट्रक पर पीला तिरपाल बंधा साफ दिख रहा है। ट्रक के पीछे बोरियों का ढेर लगा है और मजदूर ऊपर चढ़कर माल उतार रहे हैं। वहीं सड़क पर स्कूली छात्र-छात्राएं, मरीज बाइक सवार, स्कूटी और कार चालक जाम में फंसे नजर आ रहे हैं। तेज धूप में महिलाएं और बुजुर्ग भी सड़क पर खड़े होने को मजबूर हुए। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन इसी तरह बीच सड़क पर बड़े वाहन खड़े कर अनलोडिंग की जाती है। इससे न केवल यातायात प्रभावित होता है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्कूल-कॉलेज और अस्पताल जाने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। जाम में फंसे राहगीर नाम ना मालूम ने कहा, प्रशासन को व्यस्त मार्गों पर मालवाहक वाहनों के लिए समय निर्धारित करना चाहिए।

ज्ञापन-बैठकों तक सीमित कार्रवाई

सुबह स्कूल टाइम में जब सबसे ज्यादा भीड़ होती है, तब सड़क रोककर अनलोडिंग करना गलत है। नागरिकों का आरोप है कि अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था को लेकर सामाजिक संगठनों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सारी कवायद ज्ञापन और बैठकों तक ही सीमित है। धरातल पर कार्रवाई जीरो है, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। नागरिकों ने नगर पालिका और यातायात पुलिस से मांग की है कि मुख्य मार्गों पर दिन के समय भारी वाहनों की आवाजाही और अनलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाए।

समक्ष-श्रीमान नोटरी महोदय, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (वास्ते)

नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता लेखराम परिहार आ. श्री भोजराज उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम खैरी (पाली) तहसील सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) पिन कोर्ड 487661 निम्नानुसार कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि- (1) यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। (2) यह कि मैं शपथकर्ता के आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं वोटर आई.डी. कार्ड में मेरा नाम लेखराम अहिरवार दर्ज है। (3) यह कि मैं शपथकर्ता सम्पूर्ण शालेय रिकार्ड में मेरा नाम लेखराम अहिरवार दर्ज है। (4) यह कि मैं शपथकर्ता के जबकि अपना नाम लेखराम परिहार आ. श्री भोजराज लिखता हूं। (5) यह कि मैं शपथकर्ता अपने सम्पूर्ण दस्तावेजों में लेखराम अहिरवार की जगह लेखराम परिहार आ. श्री भोजराज दर्ज करवाना चाहता हूं एवं लेखराम अहिरवार की जगह लेखराम परिहार लिखा एवं पढ़ा जावे। (6) यह कि मैं शपथकर्ता के द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है।

सत्यापन:-मैं शपथकर्ता लेखराम परिहार आ. श्री भोजराज उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम खैरी (पाली) तहसील सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) का सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की धारा 1 से 6 तक के कथन मेरे स्वत: के ज्ञान से सच व सही होना सत्यापित करता हूं। कंडिका 1 से 5 तक की जानकारी गलत पाये जाने पर मेरे विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

शपथकर्ता:-लेखराम परिहार

Notice of Name Change

I, the deponent, Lekhram Parihar, son of Shri Bhojraj, aged 37 years, resident of Village Khairi (Pali), Tehsil Saikheda, District Narsinghpur (M.P.), PIN Code 487661, do hereby solemnly affirm and state as follows: (1) That I, the deponent, am a permanent resident of the aforementioned address. (2) That my name is recorded as 'Lekhram Ahirwar' in my Aadhaar Card, PAN Card, and Voter ID Card.(3) That my name is recorded as Lekhram Ahirwar in all my school records. (4) That I, the deponent, write my name as Lekhram Parihar, son of Shri Bhojraj. (5) That I wish to have my name recorded as Lekhram Parihar (son of Shri Bhojraj) in place of Lekhram Ahirwar across all my documents, and that the name Lekhram Parihar be used and recognized in place of Lekhram Ahirwar.(6) That the information provided by me, the deponent, is true and correct.

Verification:-I, the deponent, Lekhram Parihar, son of Shri Bhojraj, aged 37 years, resident of Village Khairi (Pali), Tehsil Saikheda, District Narsinghpur (M.P.), verify that the statements made in paragraphs 1 to 6 of the above affidavit are true and correct to the best of my personal knowledge. I shall be personally liable for any penal action taken against me should the information contained in paragraphs 1 to 5 be found to be incorrect.

Deponent:-Lekhram Parihar